वो प्राणों से प्यारे भैया

रह रह के ख्याल तेरे और ये मन में ना आते,
अगर तू ना होती, अगर तू ना होती,
वो प्राणों से प्यारे भैया वन में ना जाते,
अगर तू ना होती, अगर तू ना होती.....

सुनी ना होती वो मांग तेरी,
तो सूनी ना होती यह मांग तेरी,
पिताजी भी धोखा तुझसे, वचन में ना खाते,
अगर तू ना होती, अगर तू ना होती,
वो प्राणों से प्यारे भैया.......

साक्षी यह सारा रहेगा जमाना,
केकई कुमाता तुझको कहेगा जमाना,
अपयश के काले बादल, गगन में ना छाते,
अगर तू ना होती, अगर तू ना होती,
वो प्राणों से प्यारे भैया.......

तुझको मुबारक हो तेरी अयोध्या,
जहां राम वीर वहा पे मेरी अयोध्या,
कटु शब्द मन में अपने लाला ना लाते,
अगर तू ना होती, अगर तू ना होती,
वो प्राणों से प्यारे भैया.......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23580/title/wo-prano-se-pyare-bhaiya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |